धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले

धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले,
गौरा नाचन आई रे मेरा भोला दीवाना,
जंगलो में ढूंढा गलियों में ढूंढा,
पर्वत पे डमरु बजाए रे मेरा भोला दीवाना,
धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले...

कैलाश में ढूंढा हिमालय में ढूंढा,
पर्वत पे डमरु बजाए रे मेरा भोला दीवाना,
धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले...

गंगा में ढूंढा यमुना में ढूंढा,
तालो में डमरू बजाये रे मेरा भोला दीवाना,
धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले...

मंदिरों में ढूंढा महलों में ढूंढा,
घर घर में डमरू बजाये रे मेरा भोला दीवाना,
धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले...

चंदा में ढूंढा सूरज में ढूंढा,
तारों में डमरू बजाये रे मेरा भोला दीवाना,
धीरे धीरे डमरु बजा मेरे भोले...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26300/title/dheere-dheere-damru-baja-mere-bhole

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |